लोक सभा अध्यक्ष ने दीपावली के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी

नई दिल्ली, 10 नवम्बर, 2015 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने दीपावली के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहाः

"दीपों का उत्सव दीपावली अंधेरे का नाश कर प्रकाश की ओर ले जाने वाली है और अनिष्ट को दूर करके, मन को परिसर को स्वच्छ बनाती है तथा जीवन में दीप-ज्योति सा शांत सुंदर प्रकाश फैलाती है। "

मान्यता है कि रावण यानि एक प्रकार से आसुरी वृत्ति पर विजय पाकर तथा वनवास पूरा करके प्रभु श्री राम अयोध्या में पधारे तथा सभी अयोध्यावासियों ने घर-घर दीप जलाकर उनका स्वागत किया। भगवान श्रीकृष्ण ने नरक चतुर्दशी के दिन नरकासुर का वध किया तथा उसकी कैद से हजारों स्त्रियों को मुक्ति दिलाई। अनेकानेक मान्यताएं हैं, लेकिन एक प्रकार से सभी का अर्थ एक ही- आसुरी वृत्ति का नाश तथा सत् प्रवृत्ति का प्रकाश फैलाना।

दीपावली धन की देवी लक्ष्मी का त्योहार है। महालक्ष्मी का पूजन एवं आह्वान सुख-समृद्धि का तथा व्यापारियों की नई बहीखातों की शुरूआत यानि बारिश के बाद आवागमन के रास्ते खुलते ही व्यापार-उद्योग का पर्व प्रारंभ होता है।

भारत किसानों का देश है। बरसात में होने वाले कीड़े-मकोड़े, गंदगी, बीमारी को दूर करके घर-द्वार की साफ-सफाई करके आने वाले सुगी के दिन यानि नए धन-धान्य का स्वागत किया जाता है। यानि, एक प्रकार से महासफाई अभियान का प्रारंभ होता है।

मैं धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, सामाजिक सभी सन्दर्भों में मंगल शुभ आगमन की कामना करते हुए सभी देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देती हूं।